न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15.05.2024	प्रार्थना पत्र वाजदायरी मुकदमा संख्या 41/2019 गिर्राज प्रसाद बनाम रामविलास व अन्य पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीगण को बार–बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता प्रार्थीगण अथवा प्रार्थीगण में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 की तलबी हेतु रजिस्टर्ड तलवाने पेश किये जाने हेतु बार–बार अवसर दिये जाने के उपरान्त भी रजिस्टर्ड तलवाने पेश नहीं किये गये है। प्रार्थी द्वारा पूर्व में भी प्रार्थना पत्र वाजदायरी मुकदमा संख्या 45/2018 पेश किया गया है, जो दिनांक 09.01.2019 को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किया जा चुका है। इसके बाद प्रार्थी द्वारा पुनः वाजदायरी प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया जाकर अप्रार्थी की तलवी हेतु रजिस्टर्ड तलवाना पेश नहीं किया गया है। जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रकरण को अनावश्यक रूप से लम्बित करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः प्रार्थी गिर्राज प्रसाद पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण जाति गुर्जर निवासी कलाली का बास तहसील बसवा जिला दौसा द्वारा प्रार्थना पत्र 14(4) मुकदमा संख्या 15/2017 निर्णय दिनांक 28.02.2018 को पुनः नम्बर पर लिये जाने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत वाजदायरी प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 5 सीपीसी खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 15.05.2024 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (सुमित्रा पारीक) अति. जिला कलक्टर,दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified
Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2024.05.23 18:23:02 IST
Reason: SelfAttested